आश्वासन दिया गया था कि उनके मांग-पत्र की शेष मांगों पर भी तुरंत विचार या पुनर्विचार किया जाएगा। हड़ताल की धमकी के कारण डाक कर्मचारियों तथा अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की सभी मांगों को मान लेना जनहित में नहीं होगा।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

एस.टी.डी. बूथों का आबंटन

2514. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान** : क्या संचार राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एस.टी.डी. बूथ केवल स्वस्थ उच्च वर्गीय और विकलांग व्यक्तियों को ही आबंटित किए गए हैं,

(ख) क्या इन बूथों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के लोगों अथवा पिछड़े वर्गों के गरीब नागरिकों को भी नियुक्त किया गया है,

(ग) क्या भारत के प्रत्येक शहर और गांव में घनी आबादी को देखते हुए ये बूथ अपर्याप्त हैं,

(घ) यदि हां तो सरकार समुचित, संतुलित, सर्वांगीण, न्याययुक्त तर्क-संगत ढंग से बूथों के आबंटन की प्रणाली कब तक बनाने का विचार रखती है, और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) पूर्ण नीति के अनुरूप एस.टी.डी., पी.सी.ओ, उच्च वर्ग, विकलांग व्यक्तियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति से सम्बद्ध सभी व्यक्तियों सहित उन सभी को उदारतापूर्वक आबंटित किए गए थे जो स्वेच्छा से इनका संचालन करने के लिए तैयार थे । वर्तमान नीति के अनुसार, एस.टी.डी, पी.सी.ओ, नेत्रहीनों, अनुसूचित जाति/जनजाति के आवेदकों, भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध में मारे गए सैनिकों की विधवाओं, दूरसंचार विभाग के सेवा निवृत्त कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों, स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रितों तथा धर्मार्थ संस्थाओं सहित शिक्षित बेरोजगार, विशेषकर विकलांग व्यक्तियों को आबंटित किए जाते हैं ।

(ग) जी हां ।

(घ) देश में एस.टी.डी, पी.सी.ओ. के तीव्र विस्तार को सुनिश्चित करने कि लिए, हाल ही में आबंटन प्रणाली में संशोधन किया गया है ।

(ङ) उपर्युक्त (घ) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए, प्रश्न नहीं उठता ।

देश में एस.टी.डी. सम्पर्कों को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव

2515. **मौलाना अबदुल्ला खान आजमी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के अंत तक देश में किन-किन स्थानों को एस.टी.डी. सुविधा से जोड़ दिये जाने का प्रस्ताव है,

(ख) 1994 और 1995 के दौरान किन-किन स्थानों को एस.टी.डी. सुविधा से जोड़ दिए जाने का प्रस्ताव है,

(ग) क्या एस.टी.डी. सम्पर्क विस्तार का कार्य पूरी तरह से समय सारणी के अनुरूप चल रहा है, और

(घ) एस.टी.डी. नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) चालू वर्ष (1993-94) के अंत तक देश में जिन स्थानों को एस.टी.डी. सुविधा से जोड़ने का प्रस्ताव है, उनके नाम विवरण (नीचे देखिए) में दिए गए हैं।

(ख) 1994 और 1995 के दौरान जिन स्थानों को एस.टी.डी. से जोड़ने का प्रस्ताव है उनके नामों को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

(ग) समय अनुसूची का पालन करने हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन ऐसा करना कतिपय वित्तीय दबावों और निधियों, भूमि, भवन और उपस्कर आदि जैसे संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है ।

(घ)—देश में ट्रंक स्वचालित एक्सचेंजों की संख्या बढ़ाई जा रही है और मौजूदा ट्रंक स्वचालित एक्सचेंजों की क्षमता में भी वृद्धि की जा रही है ।

—कई टुक मार्ग पर नया पारेषण माध्यम लगाने का प्रस्ताव है और मौजूदा माध्यम की क्षमता बढ़ाई जा रही है ।

—उपमंडल मुख्यालयों/तहसील मुख्यालयों/कम दूरी के प्रभार केन्द्रों को प्राथमिकता आधार पर एस.टी.डी. सुविधा प्रदान की जा रही है।

—सभी उपमंडल मुख्यालयों/तहसील मुख्यालयों को एस.टी.डी. से जोड़ने के लिए विश्वसनीय पारेषण माध्यम की योजना बनाई गई है। तथापि, एक अन्तरिम उपाय के तौर पर, एस.टी.डी. सुविधा ओवर हैड माध्यम पर भी प्रदान की जा रही है।

—साथ-ही-साथ उप मंडल मुख्यालयों/तहसील मुख्यालयों/कम दूरी के प्रभारण केन्द्रों के आस-पास स्थित छोटे एक्सचेंजों का समूह डायलिंग आधार पर जोड़ा जा रहा है, ताकि इन्हें अंतर्वर्ती एस.टी.डी. नेटवर्क के साथ जोड़ा जा सके ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यों के अनुसार, देश के सभी एक्सचेंजों को मार्च, 1997 तक एस.टी.डी. नेटवर्क से जोड़ने का प्रस्ताव है ।

विवरण

1993-94 के दौरान एस.टी.डी. सुविधा से जोड़े जाने वाले प्रस्तावित केन्द्रों की राज्यवार सूची ।

आन्ध्र प्रदेश :

बंकापल्ली, छिनूर, लक्कसीपेट, बोध, नूधाल, कानिकम्म, सिगनमाला, कम्मादुर, छिनाकोत्तापल्ली, मदनासिरा, मल्लमदा, कदिरी, वायलपाड, छिन्नाकोट्टी गल्लू, बंगारूपालेम, पुंगानूर, कुप्पम, बदवेल, सिद्दावट्टम, कमलापुरम, गुडारनूर, पुली, वेन्डलूर, लाक्षी रेड्डीपल्ली, कोडूर, मेल्लावरम, पी. गन्नावरम, तल्लापाटला, माछेरला, पलनाडु, राजुपालेम, तलूरू, सादिकोनाडा, प्रतीपाडु, आईपुर, महादेवपुर, भीमादेवरापल्ली, मल्लीयल, मेटपल्ली, गंगाधारा, हुसनाबाद, नूरूर, बुरमागपहाड, सुधीमल्ला, अस्वारोपेट, तिरूमलीपलेम, गंदावल्ली, मोव्वा, कोडूपुर, पट्टीकोंडा, अल्लूर, नारायणखेड, गजवेल, आहिराबाद, सदाशिवपेट कोंडांगल, कलवाकुर्थि, कोल्लापुर, अचेमपेट, मोटकूर, तुगरतुरथी, नामपल्ली, देवरकोंडा, निदमानूर, हुजूरनगर, उदयगिरा, विज्जामूर, इंदुकूरपेट, कोंडल्लाकूर, रापूर, वकाडू, भीमगल, मदनूर, बांसवाड़ा, वेल्लारेड्डी, दोमा कोंडा, दरसी, परचूर, कोंडापी, कानीगिरी, पामूरू, सन्ती मगलूर, सिद्दुलूर, वस्तावीरापेट, तरलापाडु, पोडीली, माट्टीपाडु, अदांकी, येरा गोंडा, पालेम, मारापल्ली, परणी, महेश्वरम रनसन्यालम, कोट्टाबोम्मली, पथारपरनम, नुथमपेट्टा, एस. कोटा, सब्बावरम, के. कोथापाडु, नक्कारपल्ली, कोटौरतला, आरकू, छिन्टापल्ली, बादनगी, नालूरू, कुरुपम, भोगापुरम, वधात्रापेट, कोंडाकंडला, छेरियल, गुडूर, इंदुर नगरम, छित्तल, मारीपेडा, गोपालपुरम, छिन्तलापुडी, पोलावरम ।

असम :

बगरीवाडी, गोलकगंज, प्रजामोनी, हाउली, मनकाछार, सलाकटी, कृष्णाय, मजबाट, खोयराबाड़ी, सिपाझहर, कालियागांव, लालुक, गोगामुख, मिस्साभारी, गोरियामारी, हमरेन, नीलडागान, मकरदेवनगर, जमुनामुख, दोबोका ।

बिहार :

कांचलाचार, जगदीशपुर, छौमा, घटोतार, अमरपुर, मुल्तानगंज, नसरीगंज, नोखा, पुनपुन, गौरीछक, दयालछक, सेम्पटछक, रामनगर, बरून, नवीनगर, स्पुरा, मोह, अकरीधरमा, मिहिजेम, बजमारा, मोहलपहारी, नेतहाट, नागरूखारी, लेसलीगंज, सिरसा, राजगंज, गोमाह, हटगमरिया, बहरोगोदा, छकुरिया, डालमूमगढ़, बिहार स्पोंग, मनोहारपुर, गुमला, झिकपानी, खेलाड़ी, र, मोलुसकीगंज, पाटरवार, छन्दवा, हेदरनगर, हरिहरगंज, रेहला, छिप्पादोहर, कोछास, कुदरा, दुर्गावती, एकमा, सिधवाड़ा, बिरौल ।

गुजरात :

कुंकावव, अनेरा, देवदार, कंकरेज (सिहोरी), रूस्तमपुर, बाव, वागरा, नान्दोद (राजपिपला) सागबाड़ा, (नेत्रांग), तलाजा, गधादा, गरियाधर, जोदिया, लालपुर, जामकल्याणपुर, मेसान, मेदरदा, कुटियाना, केसोड, मलियाहातिना, तलाला, नालिया, लखपत, सामी, सिद्धपुर, जाम्बुघोड़ा, झालोड़, संतरामपुर, कोटड़ा, संखर, लोधिका, गोंडा, जाम कन्धोरा, जेतपुर मालिया मियाना, भीनोड, खेडब्रह्म, विजयनगर, एम. एस. मनगढ़ बारदोली, महुवा, निजार,

उछाछा, ब्यारा, करजम, नासवाड, सिनोर, तिलकवाड, छोटाउदयपुर, पावी-जेतपुर, संखेड़ा, बन्साडा, नवसारी, अमरेठ ।

हरियाणा :

छरखीदादरी, नूह, फिरोजपुर, झिरखा, रातिया, इलानाबाद, रानिया, जोखल, जुल्लाना, कालनवाली, उकलाना, इंदरी, बारवाला, बातूसाना, सोहना ।

हिमाचल प्रदेश :

कुमारसेन, रामपुर, बशहर, नूरपुर, कांगड़ा, बैजनाथ, घुमारविन, देहरा गोपीपुर, निरमंद, बंजार, पोंटा, बल्जाना, बरोह, रोहरू, जुब्बल, अनी, भरमौर, सुन्दरनगर, मनाली, बछी, बारोटीवाला, दाममाम, गुबाथू, धर्मपुर, जगजीत नगर, शोघी, गंगरोतली, ज्वालामुखी, सरहनखुशहर ।

जम्मू और कश्मीर :

सम्बा, रेयासी, पुलवामा, बदगाम, बिजना, रामबन, हीरानगर ।

केरल :

अरूविकोर, अरीसर, बेग्गोदे, अयूर, कुन्नीकोड, पुट्टियापल्ली, नेदमपाना, वेहीकावाला, पुथूर, कंजावली, मुनरो द्वीप, ईस्ट कल्लावा, कदक्कल, वल्लीकावू, कुन्नामथानम, मुरिन्जाकल, इलाथुर, वायपुर, इन्नू, मेहर, पून्नादेली, रानी इछामन, रनी-पेरीनाद, नूरनद, कहानाम, येंगहूसेरी, पट्टनकाडू, कारूवट्टा, कवलम, कैनकिरी, छम्पाकुलम, वेलियानाद, कोल्लापल्ली, छेम्पू, छेनापेडी, कोटिक्कल मलूकाश्मट्टम, कुदावेट्टूर, पद्मपुझा, टिकोय, छेन्नाद, कोडीकुलम, उद्दूमबानूर, वन्नापुरम, वाजिथाला, पारापुझा, कुम्बिली, वादीपेरियार, पाडुपुरम, कोहापेड्डी, छायाभट्टम, छेरूवेट्टूर, कोछेरी, माझूवानूर, ओडाकली, छन्दाकुम्मी, कोमबन्द, वारन्द्रापल्ली, पेझियानूर, मल्लरकारा, आरनगोट्टकारा, वेलूर, कोचीन, ईरमपेट्टी, पेरियांगेहूकुरिसी, थेनकुशी, वालियार, मुंडूर, पाथरीपाला, कल्लाडीकोड, इलापल्ली, कुथानूर, पोनमेरी, मेप्पायूर, कूरा, छुन्डू, छेलानूर, मंगलम, इछीकडा, एरियाकोड, छांगरानीकुलम, इडावना, तिरूनावायर, कुट्टीपुरम, मेप्पाडी, पानामारम, कैनीछिरा, कादिरकोर, पेरियांगधुर, थूवाकुन्नू, इछक्काडू, कोलारसेरी, मम्बरम, माचिल, कवाछिरा, पल्लीपारा, पेरदला, तिरिकारपुर, मुलियार, मुल्लेरिया, उरदूर, माइपेढी, कल्लारा, कुरिछिकारा, वेल्लीकुलगरा, पराम्बूर ।

मध्य प्रदेश :

बैहर, कटंगी, लनही, अन्तागढ़, भानुप्रतापपुर, भोपाल पटनम, बीनापुर, छरमा, दांतेवाडा कन्केर, कोन्डागांव, कोन्टा, नरायनपुर , भैंसदेही, अहेर, मोहद, लहर, रान, विल्हा, छम्पा डाभोरा, जांजगिर, काटघोड़ा, कौटा (करकोरोड़), लोरमी, पामगढ़, पन्डरिया, पेन्डरारोड सकती, तखतपुर, बीजावर, गोरियाहर, लीनदी, अमरवाड़ा, जामाई, पारगिया, मौसार, विमियां, यतियागढ़, जार्यरा, पथरिया, तेन्दूखेडा, सियोन्धा, दगली, कन्नोद, खोटगांव, मोनकच्छ, तेकखुर्द, धर्मपुरी, गन्छवानी, कुक्षी, धनावर, बेगेतरा, बेरला, डोंडीलोहरा, नवागढ़, पाटन, साजा, अरोना, चन्देरी, ईसागढ़, मुगावली, राघोगढ़, आमनदर, भीतरवार, बावाय, वनखेड़ी, खिरकिया, सिवनीमालवा, सोहागपुर, तिमरनी, दीयालपुर, कुन्दम, विजयराघोगढ़, अशोराजपुर, भावरा, जोबट, पेटलवाड, थांडा, पन्धाना, बरवानी, भगवानपुर, कमरावाड़, महेश्वर, पानसेमल, राजपुर, सेगांव, डीकरी, जिरनियर, दिन्दोरी, नैनपुर, निवास, शाहपुरा, भानपुरा, जयवाद, सीतामऊ, जोरा, कैलारस, पोरसा, शिवपुर कला, विजयपुर, गोटेगांव, अजयगढ़, गुनूर, पावाई, शाहनगर, बाघीछा, धर्मजयगढ़, धरक्षोदा, कुनकुरी, बालोदाबाजार, भिलाईगढ़ विन्दरनवागढ़, देवभाग कसडोल, नगरी, राजिम, सिमगा, बेगमगंज, नैखगंज, गैरतगंज, सिलवानी, उदयपुरा, जीरापुर, छुईखादन, डुंगरगांव कावरधा, खेरागढ़, मोहला, अलोट, बाजना, सेलाना, नूरह, हनुमानगंज, मउगंज, सिरमौर, तियोनथार, बीना, देवरी, गढ़कोटा, रेहली, बैकुण्ठपुर, भारतपुर, कुन्हा, मानेन्द्रगढ़, पाल, प्रतापपुर, समरी (कुसमी), सीतापुर, सूरजपुर, बरकनगर, अमरपाल, अहेर, नांगोद, रामपुर, बघेलगंज, इछावार, नसरूल्ला गंज, कैलारी, जनूपपुर, बान्धवगढ़, ब्योहारी, जयसिंगनगर, कोटमा, पुष्पारायगढ़, बारोद, नरवार, पिचोर, पोहरी, चितरंगी, देवनर, कुसमी, मझोली, रामपुर, नैकिन, सिहथल, बलदेवगढ़, जटरा, निवारी, प्रथ्वीपुर, धाटिया, महीदपुर, तराना, मैरवपुर, कुखई, लतेरी, नतेरन, सिरोंज, मिहोना, मुडेली, राजपुर।

महाराष्ट्र एवं गोवा

नोवामा, शिरडी, अकोट, अचलपुर, असेगांव, पैथन, कुलतावाद, अम्बेजोगई, अलगांव (वमोद) नन

दूरा, मोटाला , अवारपुर, तलोदा, सिदखेड, न्यूपम, कुनडेम, कुरचोरम, कोरजिम, भोपड़ा रवेर, पचोरा, चांदगढ़, जोसा, निलगां, बूटीचौरी, सतना, गंगाखेड, जुझार, राजतुरू नगर, महाद, मालगांव, कोरेगांव, खंडाला, करमाला, सनगोला, नलसोपरा, डरवाह, डिगरस

उत्तर-पूर्व

अरुणाचल प्रदेश : नफरा, नाचो, लौंगडिंग, मिग्राव, चोबकहम, नमसई ।

मणिपुर : काकचिंग, कांगपोकपी, तहूवी, जिरीजम, तेंवानोपाल, बांगोई मयांग, इम्फाल ।

मेघालय : मैरंग, मजकीरवाट मेंडीपत्थर, अमलारेम, अमपट्टी, डेडनगिरि ।

मिजोरम : लांवगथलई

नागालैंड : फुगोवोटो, तस्केमनयू, अगहुन्तो, फूतमीरो, मेलरी, खेफिरी, चांगटोगया, चुचइमलांग अलीचेन, चुमुकेडिमा, इमपुर, अकुलातो, लोंगखिम, मताखा, तिजिट, नागिनीमारा, सोंग कोलमवा जलुकी ।

त्रिपुरा : धर्मनगर, महारानी, अमवास्सा, सलेमा, सनतीर, बाजार, पानीसागर, विश्रामगंज, अमतली, अंबरपुर, जोलईवाडी, चौरायवाडी ।

पंजाब : मुक्तसर, कोटकपुरा, बगापुरखा, मोरिनदा, साहकोट, दीराहा, मंडी, गोविंद गढ़, बीना नगर, अहमदगढ़, जौतू, गिड्डर, साहा, तलवाड़ा, अदमपुर दोआबा, बांगा, भोगपुर, भुल्लनपुर, लोहरागा सूनम, फूलमंडी, समाना, नकोदर, मलेर कोटला, बरनाला, बुध्लादा,

उत्तर प्रदेश : सिरतू, मनझानपुर, लालगंज, मौरनीपुर, बिलासपुर, नगीना, चांदपुर, जलेसर, हाता, बिधना, अमनिया, कोलनगंज, तुलसीपुर, लक्सर, मछलीशहर, मोथ, अकबरपुर, बुढाना, सितारगंज, पट्टी, महाराजगंज, सलोन, डुमरियगंज, सिधौली, लहरपुर, फतुहपुर, हरिया, सिमाना, रुद्रपुर, दीडापुर, मोहम्मदाबाद, अतरौला, बिलग्राम, मरिहान, घाटमपुर, डेरापुर, तलबैहटा, केरहल, मठ, मोहम्मदाबाद, तिलोई, दलमऊ, नकुर, बेहट, जलालाबाद, चुनार, हसनगंज, चकिया नवाबगंज, लालगंज,

कर्नाटक : केन्द्रों की सूची को अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।

राजस्थान : चाकसू, मलनड़ा, किशनगंज, मंगरोल शाहबाद, छिपाबरोड, छाबरा, नगर, पहाड़ी, बसेरी, राज खेड़ा, अकलेरा, गंगधारा, खानपुर, पिरवा, अतरू, दिगोड, रामगंज मंडी, सनगोड, बोनली, हिंडोन, टोडाभीम, दातारामगढ़, फतेहपुर, लूनकरनसर, शिव बलोतरा, डेओडबाना, ब्यावर, प्रबाटोआर, अनूपगढ़, भद्रा, करनपुर, नोहर, पदमपुर, पीलीबंगा, रायसिंहनगर, रावतसर, सादुलशहर, संगरिया, श्रीविजय नगर, टिब्बी, घड़साणा, राजगढ़ (सादुलशहर), सरदार शहर, सुजानगढ़, तारानगर, केकड़ी, सरवार, कैशी, घटोल, अंसिद, बनेरा, शाजपुर कोटरी, मंडलगढ़, मंडल, शाहपुर (भीलवाड़ा), बड़ी सदरी, बेयुन, मडेसर, छोटी, सदरी डूंगला, केंगरार, नीमबहेड़ा, प्रतापगढ़, रसद, अरनोद, अमेट, भीम, देवगढ़, रेलमगरा, धारियावाद, खेरवाड़ा, कोटरा, मौली, सरादो, बल्लभनगर, रानीवाड़ा, सनचोर, जैतरन, खेरली, मुकंदगढ़, मकराना, केसरी सिंहपुर, सरिसका, देशनोक, दिग्गी, कैलादेवी, रामदेवरा ।

डाक कर्मचारियों की मांगें

2516. **श्री शहमदेव अलम्ब पासवान** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार डाक कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा न करने की स्थिति में और हड़ताली कर्मचारियों द्वारा हड़ताल समाप्त न करने की स्थिति में कोई स्वस्थ "वैकल्पिक व्यवस्था" करने जा रही है;

(ख) क्या सरकार डाक विभाग में नई नियुक्तियों पर 1984 से लगी रोक को हटाना अभी भी उचित नहीं समझती है;

(ग) क्या इस विभाग में कई वर्षों से सेवारत कर्मचारियों को पूर्णकालिक और स्थायी न बनाने का सरकारी रवैया उनके कल्याण की उपेक्षा नहीं है;

(घ) क्या सरकार गैर-कानूनी हड़ताल में शामिल कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने में विलम्ब किये जाने के लिए जिम्मेदार है; और